# मथुरा में बनेगा प्रदेश का सबसे बड़ा ऑक्सीजन प्लांट

लखनऊ। प्रदेश में ऑक्सीजन उत्पादन का अब तक का सबसे बड़ा प्लांट लगाने के लिए 'एयर लिक्वे' ने प्रदेश सरकार को लेटर आफ इंटेंट (आशय पत्र) दे दिया है। 'एयर लिक्वे' मथुरा में 350 मीट्रिक टन क्षमता का प्लांट स्थापित करेगी जिस पर करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश होगा। ऑक्सीजन उत्पादन में अग्रणी इस कंपनी की ओर से एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) मिलने की पुष्टि अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने भी की है। प्लांट लगाने के लिए 'एयर लिक्वे' ने मथुरा में जमीन देख ली है। यह प्लांट प्रदेश की नई ऑक्सीजन उत्पादन प्रोत्साहन नीति के तहत लगाया जाएगा। इसमें स्टांप ड्यूटी समय समेत कई तरह की छूटें निवेशक को दिए जाने का प्रावधान है। ब्यूरो